# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## तृतीय वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2014)

## टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7

जन–जन का
विश्वविद्यालय

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

**नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

**डॉ.अरविन्द कुमार दुबे**
**कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस**

### सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| **टीएस–3** | **अप्रैल 15, 2014** | **अक्तूबर 15, 2014** |
| **टीएस–6** | **अक्तूबर 15, 2014** | **अप्रैल 15, 2015** |
| **टीएस–7** | **अक्तूबर 15, 2014** | **अप्रैल 15, 2015** |

# टीएस 3 : पर्यटन में प्रबंधन
## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टीएस–3** | **कार्यक्रमः बीटीएस**
**कुल अंकः 100** | **सत्रीय कार्य कोडः टीएस–3/टीएमए/2014**

**नोटः** इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

**भाग I** में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर देना है**। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।

**भाग II** में आठ प्रश्न हैं। **किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। **अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

**भाग – I**

1. प्रबंधन को परिभाषित कीजिए। एक प्रबंधक की भूमिका एवं दायित्वों की व्याख्या कीजिए। 25

**अथवा**

2. सूचना प्रौद्योगिकी से आप क्या समझते हैं? पर्यटन में संचार की भूमिका की चर्चा कीजिए। 25

---

**भाग–II**

1. उद्यमशीलता की संकल्पना को परिभाषित कीजिए। एक उद्यमी के लिए आवश्यक योग्यताओं की चर्चा कीजिए। 15

2. पर्यटन में प्रबंधन सम्बन्धी मुद्दों पर विचार कीजिए। 15

3. योजना (प्लानिंग) से आप क्या समझतें हैं? योजना के विभिन्न प्रकारों की चर्चा कीजिए। 15

4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियॉ लिखिए (5X3) = 15
   क) अधिकारों को सौंपा जाना
   ख) सूचना तंत्र का प्रबंधन
   ग) नियन्त्रण–अवधारक

5. पर्यटन में मानव संसाधन प्रबंधन के महत्व पर विचार कीजिए। 15

6. ट्रैवल एजेंसी को परिभाषित कीजिए। एक ट्रैवल एजेंसी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं पर विचार कीजिए। 15

7. होटल–व्यवसाय के लक्षणों पर विचार कीजिए। 15

8. एक पर्यटक उत्पाद/गंतव्य के विपणन में पी.आर. सेवाओं की भूमिका पर विचार कीजिए। 15

# टीएस 6 : पर्यटन विपणन
## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टीएस–6** | **कार्यक्रमः बीटीएस**
**कुल अंकः 100** | **सत्रीय कार्य कोडः टीएस–6/टीएमए/2014**

**नोटः** इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

**भाग I** में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर देना है**। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।
**भाग II** में आठ प्रश्न हैं। **किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। **अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

**भाग – I**

1. विपणन मिश्र के 4PS का वर्णन कीजिए। एक अल्प–लागत की एयरलाइन के विपणन प्रबंधक के तौर पर, वर्तमान आर्थिक मंदी एवं बढ़ती हुई प्रतियोगिता के दौर में अपनी एयरलाइन हेतु विपणन–नीति बनाइए। 25

**अथवा**

2. पर्यटन विपणन में मौसमीपन एवं पूर्वानुमान की भूमिका पर विचार कीजिए। किसी एक स्थान विशेष का चयन कर उसमें होने वाली पर्यटकों की आवाजाही पर मौसमीपन के प्रभाव की चर्चा कीजिए। 25

---

**भाग–II**

1. भारत को एक आधार देश के रुप में लेते हुए आप अन्तर्राष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों को कैसे परिभाषित करेंगे? भारत के प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय स्रोत बाजारों के लक्षणों पर विचार कीजिए। 15

2. राष्ट्रीय पर्यटक संगठनों की उनसे जुड़े गंतव्यों के विपणन में निभायी जाने वाली भूमिका एवं महत्व पर विचार कीजिए। 15

3. ''पर्यटन एक जटिल प्रक्रिया है जिसके लिए वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं स्थानीय विपणन–स्थिति का अनुभव एवं समझ अनिवार्य है''। इस कथन का औचित्य प्रमाणित कीजिए। 15

4. स्टार श्रेणी के होटल अपनी विपणन नीतियॉ कैसे बनाते हैं? 15

5. निम्नलिखित पर टिप्पणियॉ लिखिए– (5X3) = 15
   क) पर्यटन–विपणन में विपणन–शोध का महत्व
   ख) वैकल्पिक–आवास
   ग) स्थानीय भोजनों का विपणन

6. एफ. ए. एम. (FAM) टूर को परिभाषित कीजिए। नव–विकसित पर्यटन स्थलों के संदर्भ में एफ.ए.एम टूरों के महत्व की विस्तृत विवेचना कीजिए। 15

7. उत्पाद जीवन चक्र से आप क्या समझतें हैं? उन विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए जिनसे होकर एक पर्यटन–उत्पाद गुजरता है। 15

8. हमें पर्यटन–बाजारों को अलगाने की आवश्यकता क्यों है? उन प्रमुख आधारों की चर्चा कीजिए जिनके आधार पर पर्यटन बाजारों को अलगाया जा सकता है। 15

# टीएस 7 : पर्यटन विपणन

## (अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टीएस–7** | **कार्यक्रमः बीटीएस**
**कुल अंकः 100** | **सत्रीय कार्य कोडः टीएस–7/टीएमए/2014**

---

**नोटः** इस अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

**भाग ।** में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर देना है**। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।
**भाग ।।** में आठ प्रश्न हैं। **किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। **अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

**भाग – ।**

1. व्यक्तिगत प्रबंधन के लक्षणों की चर्चा कीजिए। पांच सितारा होटलों में व्यक्तिगत प्रबंधन के कार्यों एवं संचालनों की व्याख्या कीजिए। 25

**अथवा**

2. शिकायत से आप क्या समझतें हैं? शिकायतों के सुनिश्चित होने के सामान्य कारण क्या हैं? शिकायतों के निपटारे के तरीके क्या हैं? 25

---

**भाग–।।**

1. आतिथ्य उद्योग में मानव संसाधन–योजना की आवश्यकता पर विचार कीजिए। 15

2. कार्य–विश्लेषण से आप क्या समझतें है? एक संगठन में कार्य–विश्लेषण की क्या भूमिका है? कार्य–विश्लेषण में सम्मिलित चरणों की उचित उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 15

3. कार्य मुल्यांकन, कार्य विश्लेषण, कार्य विवरण और कार्य विनिर्देश के बीच क्या सह–सम्बन्ध हैं? कार्य मूल्यांकन के लाभ एवं सीमितताऍं क्या हैं? 15

4. किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियॉं लिखिए– (3X5) = 15
   क) अभिप्रेरण प्रकिया
   ख) श्रमशक्ति के पूर्वानुमान की तकनीक
   ग) कार्य–समृद्धि की प्रकिया
   घ) प्रदर्शन (Performance) का मूल्यांकन

5. प्रशिक्षण की आवश्यकता क्यों है? आतिथ्य–उद्योग में सामान्य रुप से प्रयोग की जाने वाली विभिन्न प्रशिक्षण विधियॉं कौन–कौन सी हैं? 15

6. एक संस्थान में कैरियर योजना का क्या महत्व है? आतिथ्य–उद्योग से उचित उदाहरणों के जरिए कैरियर योजना की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। 15

7. वेतन–प्रशासन पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए। 15

8. किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियॉं लिखिए। (7.5X2) =15
   क) मानव संसाधन लेखाकरण
   ख) आन्तरिक और बाह्य अभिप्रेरण
   ग) कर्मचारी परामर्श की आवश्यकता